एन एम डी सी

# बैला समाचार

बैलाडीला लौह अयस्क खान, किरन्दुल काम्प्लेक्स

अप्रैल, 2023

NMDC

## मुख्य महाप्रबंधक का संदेश



प्रिय साथियों,

आपको बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने अप्रैल, 2023 में 3.51 मिलिटन टन उत्पादन और 3.43 मिलियन टन की बिक्री दर्ज की है, जो एनएमडीसी कंपनी के इतिहास में किसी भी अप्रैल माह का सर्वोतम प्रदर्शन है । अप्रैल, 2023 में लौह अयस्क उत्पादन अप्रैल, 2022 की तुलना में 11.42 प्रतिशत अधिक है और बिक्री में पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 9.93 प्रतिशत वृद्धि हुई है। निश्चय ही यह हम सभी एनएमडीसी के लिए गौरव पूर्ण बात है ।

आगे आपको यह भी बताते हुए खुशी हो रही है कि किरंदुल परियोजना को सीएसआर प्लेटिनम अवार्ड, ग्रीन लीफ प्लेटिनम अवार्ड, खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह के दौरान 10 सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया । इन उपलब्धियों हेतु मैं सभी को बधाई देता हूं ।

परियोजना में इस माह निदेशक (उत्पादन), निदेशक (वाणिज्य), हैदराबाद का आगमन हुआ और दिनांक 14 अप्रैल को डॉ.अंबेडकर जयंती मनाई गई । आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत परियोजना अस्पताल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।

शुभकामनाओं के साथ ......

आपका,

विनय कुमार

(विनय कुमार)

## शानदार प्रदर्शन



हमारी कंपनी ने अप्रैल,2023 में 3.51 मिलिटन टन का उत्पादन और 3.43 मिलियन टन की बिक्री दर्ज की है, जो एनएमडीसी कंपनी के इतिहास में किसी भी अप्रैल माह का सर्वोतम प्रदर्शन है। अप्रैल, 2023 में लौह अयस्क उत्पादन अप्रैल, 2022 की तुलना में 11.42 प्रतिशत अधिक है और बिक्री में पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 9.93 प्रतिशत वृद्धि हुई है । स्थापना से लेकर अब तक के किसी भी अप्रैल माह में उच्चतम उत्पादन और बिक्री की उपलब्धि हासिल की है ।

इस अवसर पर सीएमडी श्री अमिताभ मुखर्जी ने अपनी टीम को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि हमारा समर्पण और निरंतरता एनएमडीसी के निरंतर श्रेष्ठ निष्पादन में प्रदर्शित होती है और यह अप्रैल के ठोस आंकड़ों में देखी जा सकती है । अब हम 2030 तक 100 एमटीपीए खनन कंपनी बनने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं और इसे हासिल करने के लिए निर्धारित रोड मैप पर विश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं ।

## निदेशक (उत्पादन) का आगमन



दिनांक 23-4-2023 को परियोजना में श्री डी.के.मोहंती जी, निदेशक (उत्पादन) का आगमन हुआ । अतिथिगृह में आदिवासी नृत्य के साथ उनका हार्दिक स्वागत किया गया । श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ने हार्दिक स्वागत किया ।

...पेज 3 पर जारी

## ग्रीन लीफ प्लेटिनम अवार्ड

दिनांक 11.4.2023 को परियोजना को मेटल एवं माइनिंग क्षेत्र में पर्यावरण की दिशा में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए एनवायरमेंट श्रेणी में अपेक्स इंडिया फाउंडेशन की ओर से ग्रीन लीफ प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। एक भव्य समारोह में बॉलीवुड सुविख्यात अभिनेत्री पूनम ढिल्लो और पूर्व मेजल जनरल एवं भारत के रक्षा मामलों के जानकार श्री पी.के.सहगल के करकमलों से यह अवार्ड श्री एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन) और श्री डी. मंडल, प्रबंधक (पर्यावरण) ने परियोजना की ओर से ग्रहण किया।




## सीएसआर प्लेटिनम अवार्ड



दिनांक 3.4.2023 को परियोजना को मेटल एवं माइनिंग क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा श्रेणी में ग्रो केयर इंडिया की ओर से प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी, माननीय इस्पात राज्यमंत्री, भारत सरकार की उपस्थिति में माननीय सांसद एवं प्रधानमंत्री कार्यालय आपदा प्रबंधन के सलाहकार श्री कमल किशोर जी के करकमलों से डा. एम.वी.लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना चिकित्सालय एवं डा. अभिषेक कुमार, संयुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, किरंदुल ने एनएमडीसी की ओर से ग्रहण किया।

## खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह

दिनांक 16-4-2023 रायपुर में आयोजित खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह समारोह में परियोजना को विभिन्न श्रेणियों में कुल 10 पुरस्कारों से नवाजा गया। परियोजना की ओर से यह पुरस्कार श्री संजय कोचर, महाप्रबंधक (खनन)/खान प्रबंधक, श्री रितायन गोस्वामी, सहा.महाप्रबंधक (भू-विज्ञान) और श्री अवनीश शर्मा, सहा. महाप्रबंधक (पर्यावरण) ने ग्रहण किया। श्री पंकज कुलश्रेष्ठ, सीसीओएम, आईबीएम, नागपुर ने ओवरऑल प्रदर्शन पुरस्कार प्रदान किए जबकि श्री अभय अग्रवाल, सीओएम, आईओ, नागपुर और श्री प्रेम प्रकाश, आरसीओएम, रायपुर ने श्रेणीवार पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार निम्नवत हैं: प्रथम पुरस्कारः सतत विकास-ए2, वनरोपण-ए2, द्वितीय पुरस्कार : खनिज लाभकारी ए-1, प्रचार और प्रसार-ए1, सतत विकास-ए1, खनिज संरक्षण-ए1, व्यवस्थित और वैज्ञानिक विकास-ए1, व्यवस्थित और वैज्ञानिक विकास-ए2 उसी प्रकार ओवरऑल ए2 श्रेणी में डिपो-14 को प्रथम पुरस्कार एवं ओवरऑल ए1 में ए2, डिपो-14 एनएमजेड को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। डिपो-14 खानों के लिए ए2 कैटेगरी मतलब प्रतिवर्ष 5 एमटी तक की उत्पादन क्षमता निष्पादन करना वहीं डिपो-14 एनएमजेड और 11 खान पट्टे के लिए ए1 कैटेगरी अर्थात प्रतिवर्ष 5 एमटी से अधिक की उत्पादन क्षमता रखना।



## निदेशक (उत्पादन) का आगमन

इसी प्रकार विभागाध्यक्षों, श्री राजेश संधू, सचिव, मधुकर सितापराव, उपाध्यक्ष, एसकेएमएस, श्री ए.के.सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन ने भी पुष्प देकर निदेशक का स्वागत किया। तत्पश्चात निदेशक ने फुटबॉल ग्राउंड, बीआईओपी सीनि.सेके. स्कूल के समीप एवं शॉपिंग सेंटर नजदीक बनाए जानेवाले क्वार्टरों का विधिवत भूमि पूजन किया। फुटबॉल ग्राउंड स्थित क्षेत्र में कुल 200 नग टाईप-III क्वार्टर्स, बीआईओपी स्कूल नजदीक 144 नग टाईप IV क्वार्टर्स तथा शॉपिंग सेंटर नजदीक टाईप-V सर्वसुविधायुक्त क्वार्टर्स बनाए जाएंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम में सर्वश्री एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), आर. राजाकुमार, महाप्रबंधक (संयंत्र), एम. सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (विद्युत), पी.प्रसाद, महाप्रबंधक (एमएंडएस), श्री टी.एस. रामनाथ, उप महाप्रबंधक (सिविल) सहित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।



























## निदेशक (वाणिज्य) का आगमन

श्री विश्वनाथ सुरेश, निदेशक (वाणिज्य) ने 03 अप्रेल, 2023 को परियोजना में आगमन हुआ। अतिथिगृह में श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ने पुष्पगुच्छ देकर उनका हार्दिक स्वागत किया। इसी प्रकार श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति, विभागाध्यक्षों, श्री विनोद कश्यप, अध्यक्ष, श्री ए.के. सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन, श्री मधुकर सितापराव, उपाध्यक्ष, एसकेएमएस यूनियन, आफिसर्स एसो., ने भी पुष्पगुच्छ देकर निदेशक महोदय का स्वागत किया। अपने परियोजना प्रवास पर निदेशक ने किरंदुल-बचेली के विभागाध्यक्षों की बैठक ली और उत्पादन-उत्पादकता का सविस्तार चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा खदानों के विभिन्न क्षेत्रों को निरीक्षण किया।


























PRERNA MAHILA SAMITI &



## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

परियोजना में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के काल में आजादी का अमृत महोत्सव के क्रम में वर्ष भर आयोजित कार्यक्रम के रूप में दिनांक 25 एवं 26 अप्रैल, 2023 को दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन मंगल भवन एवं परियोजना चिकित्सालय में डा. एम.वी. लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में मल्टी स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स मनीषा लाल, डा.अंजू साह, डा.सलील श्रीवास्तव, डा. रजेश, डा. खुशबू, डा. श्याम, डा. शनतेश एवं डा.साईं द्वारा सामान्य बीमारी, ब्लड प्रेशर, शुगर तथा अन्य बीमारी के 110 लोगों की जांच कर नि:शुल्क दवाई दी गई ।








## सीएसआर गतिविधियां

एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा सीएसआर मद से ग्राम पंचायत हिरोली के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए श्री जीतेन्द्र कुमार, सहा.महाप्रबंधक (सीएसआर) द्वारा कबड्डी मैट, वॉलीबाल, वॉलीबाल नेट सहित अन्य खेल सामग्री प्रदान की। इस दौरान श्री एस.आर.गावडे, प्रबंधक (सिविल) व अन्य ग्रामीण खिलाड़ी उपस्थित थे।



## राजभाषा गतिविधियां



दिनांक 28.04.2023 को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसी के तहत एक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें पर्याप्त संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

# महिला जगत

## प्रेरणा महिला समिति

दिनांक 27.04.2023 को प्रेरणा महिला समिति, बैला क्लब में अक्षय वट का उद्घाटन रिब्बन काटकर तथा पूजा अर्चना श्रीमती बबीता विनय कुमार, अध्यक्षा प्रेरणा महिला समिति द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर सभी क्लब कमेटी सदस्याएं उपस्थित थीं। अक्षय वट का हुबहु प्रतिमा का केक भी बनवाया गया और उत्साह से सभी को दिया गया। प्रेरणा महिला अध्यक्षा श्रीमती बबीता विनय कुमार ने अपने मूल्यवान शब्दों में विचार लिखे तथा शाम में मिलेनियम पार्क में गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तदपश्चात विजयताओं को पुरस्कृत किया गया।
















## डा. अंबेडकर जयंती

दिनांक 14-4-2023 को एनएमडीसी एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर जी की 132 वीं जयंती धूमधाम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुई । प्रातः कार्यक्रम डा.अंबेडकर चौक में मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एवं विशिष्ट अतिथि श्री एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), श्री सेल्वकुमार, महाप्रबंधक (यां.), के. साजी, अध्यक्ष, मधुकर सितापराव, उपाध्यक्ष, एसकेएमएस, श्री राजकुमार ओयामी, सचिव एवं श्री अजय सिंह पोटाई, अध्यक्ष, एससी/एसटी कर्म.कल्या.समिति उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने डा.अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पंचशील का पाठ किया गया । इसी प्रकार डा.अंबेडकर पार्क में भी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । संध्या काल में मुख्य कार्यक्रम परियोजना विद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुआ । इस दौरान मुख्य अतिथि माननीय सांसद, दीपक बैज तथा विशिष्ट अतिथि माननीय श्री कवासी लखमा जी, आबकारी मंत्री, छ.ग.शासन, श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, श्री बी.के.माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। अतिथियों को पुष्पमाला से हार्दिक स्वागत किया गया । तत्पश्चात अतिथियों ने संबोधित करते हुए डा.अंबेडकर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला । बच्चों एवं महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए । समिति द्वारा विशाल रैली निकाली गई जो नगर के विभिन्न कॉलोनियों से होते हुए संपन्न हुई । कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सभी पदाधिकारियों का अमूल्य योगदान रहा ।
















अम्बेडकर
जयंती समारोह






डॉ. भीमराव
अम्बेडकर
जयंती समारोह




अम्बेडकर

# विद्यालय समाचार

## बीआईओपी स्कूल

### कैरियर काउंसलिंग

दिनांक 11.04.2023 को विद्यालय में नगर के सभी विद्यालयों के अध्ययरत विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम बायो अकादमी, भिलाई द्वारा किया गया। संस्था द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को आगे की पढ़ाई हेतु विभिन्न विषयों के महत्व को समझाया गया व कैरियर संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में श्री ए. बिश्वास, प्राचार्य, बीआईओपी सीनि.सेके.स्कूल, श्री ए.के. पांडे, प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय, श्री पी.एल.वर्मा, प्राचार्य, डीएवी स्कूल सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।





### भास्कर टैलेंट हंट एप्टीट्यूड

विद्यालय में दैनिक भास्कर के तत्वावधान में भास्कर टैलेंट हंट एप्टीटुड टेस्ट-2023 का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेएम खरे, गजानन केवटे, के. वेंकट राव, मो. मुस्तकिम खान, बसंती, शर्ली थामस, सीमा भास्कर, वैप्राल उषा, पी. उषा रानी आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

## डीएवी स्कूल

दिनांक 28-4-2023 को विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती चेतना शर्मा, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ जोन, सर्वश्री रामनाथ, उप महाप्रबंधक (सिविल), जी. वेलबसंथन, सहा.महाप्रबंधक (कार्मिक), के.साजी, अध्यक्ष, राजेश संधू, सचिव, एसकेएमएस, ए.के.सिंह, सचिव, एमएमडबल्यू यूनियन सहित विभिन्न विद्यालय के प्राचार्यगण उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन किया। तत्पश्चात अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया गया। श्री पी.एल. वर्मा, प्राचार्य ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरूआत श्री गणेश वंदना से हुई।



वार्षिकोत्सव में शास्त्रीय, छत्तीसगढ़ी, बिह, राजस्थानी नृत्य एवं अंग्रेजी नाटक तथा भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर नाटक का मंचन आदि कार्यक्रम संपन्न हुए। मुख्य अतिथि ने संबोधन करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं बच्चों के विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धियों, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड आदि के लिए पुरस्कृत किया। अंत में श्रीमती विज्ञा त्रिपाठी, वरि. शिक्षिका ने धन्यवाद ज्ञापित किया।
















## विद्या मंदिर नर्सरी स्कूल

दिनांक 16-04-2023 को स्कूल प्रांगण में नवागंतुक बच्चों का स्नेहिल स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति ने बच्चों को उपहार स्वरूप स्कूल बैग प्रदान किए । इस दौरान प्राचार्य, श्रीमती पूर्णिमा अनिल कुमार ने स्कूल के नियम और अन्य संबंधित जानकारियों से अभिभावकगणों को अवगत कराया । इस अवसर पर शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं ।





















## अग्निशमन सुरक्षा सेवा सप्ताह

दिनांक 14 से 20 अप्रैल, 2023 तक सीआईएसएफ यूनिट, किरंदुल द्वारा अग्निशमन सुरक्षा सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री मनमोहन सिंह यादव, कमाण्डेण्ट, सीआईएसएफ द्वारा शहीद जवानों को श्रद्धांजली अर्पित की गई। तत्पश्चात सभी को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस दौरान यूनिट के सभी अधिकारी व जवान उपस्थित थे। सप्ताह के दौरान जवानों, गृहिणियों, स्कूली बच्चों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसी बीच अग्निशमन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा स्कूल, हॉस्पिटल, खदान क्षेत्रों में फर्स्टएड और आग से होनेवाली घटनाओं से बचने हेतु सुरक्षा संबंधित प्रदर्शन किया गया। दिनांक 20-04-2023 को सप्ताह का समापन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि श्री मनमोहन सिंह यादव, कमाण्डेण्ट, सीआईएसएफ द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम समाप्त हुआ।





















बैला समाचार

अप्रैल, 2023

# कार्मिक मामले

## सेवानिवृत्ति



श्री आर.श्रीनिवासन
महाप्रबंधक (यांत्रिकी)



श्री पी.मधुसूदन राव
सहा.प्रबंधक (एमपी)



श्री बारसे छन्नूराम
कनि.अधिकारी (आपरेशन)



श्री ब्लासियूस टोप्पो
मा.एचईएम मेका.



श्री हरिराम करताम
मा.एचईएम आपरेटर



श्री मंगलराम नागवंशी
मा.एचईएम मेका.

## स्थानांतरण

एस.आर.के.राव, उप महाप्रबंधक (सिविल) किरंदुल से हैदराबाद

# खान से संबंधित सामान्य सुरक्षा नियम

1. 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को खान में प्रवेश की अनुमति नहीं है ।
2. खान प्रबंधक अथवा अन्य प्राधिकृत अधिकारी से अनुमति मिलने के उपरांत ही खान परिसर में प्रवेश करें एवं जिस जगह पर जाने हेतु अनुमति प्राप्त हुआ है। केवल उसी जगह पर ही जाए ।
3. खदान के कार्य एवं उससे संबंधित सुरक्षा के बारे में एक अनुभवी व्यक्ति के प्रत्यक्ष देख रेख में ही खदान में जाए ।
4. नशे की स्थिति में अथवा नशीले पदार्थ के साथ, खान परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं है
5. कोई भी व्यक्ति लापरवाही से या जानबुझ कर खान में अपने जीवन तथा दूसरों के जीवन को खतरे में न डालें ।
6. कार्पोरेशन वाहन के अलावा खान में जाने हेतु खान प्रबंधक द्वारा प्राधिकृत वाहनों का ही उपयोग करें ।
7. खान परिसर में वाहनों की अधिकतम गति सीमा 30 कि.मी.प्रति घंटा का सदैव ध्यान रखें एवं इसका पालन करें ।
8. खान में न ही फोटोग्राफी करें और ही सेल्फी लें ।
9. बिना अनुमति के किसी भी उपकरण के पास न जाए ।
10. चलते हुए भारी यंत्रों/उपकरणों से हमेशा दूर रहें ।
11. निजी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग किए बिना किसी भी कार्यस्थल में न जाए ।
12. किसी भी तरह का अनाधिकृत कार्य न करें ।
13. आवश्यक स्थानों पर लगाए गए अग्निशमन उपकरणों से छेड़छाड़ न करें ।
14. विस्फोटक पदार्थो, भंडार गृहों और ज्वलनशील पदार्थों एवं कैंटीन के आसपास धुम्रपान न करें ।

# उत्पादन एवं प्रेषण की स्थिति (लाख टन में) अप्रैल, 2023

स्रोत : औद्योगिक अभि. विभाग, किरन्दुल

| उत्खनन | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत | उत्पादन | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत | प्रेषण | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आर.ओ.एम. | 12.95 | 11.46 | 88% | लम्प | 2.15 | 2.25 | 107% | लम्प | 2.10 | 2.65 | 126% |
| वेस्ट उत्खनन (रिपोर्टेड) | 3.20 | 3.41 | 107% | सी.एल.ओ. | 2.45 | 1.91 | 78% | सी.एल.ओ. | 2.45 | 1.82 | 74% |
| | | | | फाईन (स्लाईम सहित) | 11.50 | 8.50 | 74% | फाईन (स्लाईम सहित) | 11.50 | 8.90 | 77% |
| कुल | 16.50 | 14.87 | 92% | कुल | 16.05 | 12.66 | 79% | कुल | 16.05 | 13.37 | 83% |

एन एम डी सी
NMDC

संपादक : संजय पाटील, सहायक महाप्रबंधक (राभा)

एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला आयरन ओर माईन, किरन्दुल काम्प्लेक्स

जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़, पिन-494556 द्वारा प्रकाशित एवं के. रघु राव, किरन्दुल द्वारा मुद्रित